# रिपोर्ट

## [1 Pl 3/48 UP NCC COY]

## PLASTIC WASTE MANAGEMENT: THE WAY AHEAD विषय पर गोष्ठी का आयोजन

"अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे वातावरण और अच्छी जीवनचर्या परम आवश्यक है। प्रदूषण ने वातावरण को सर्वाधिक क्षति पहुंचाई है, जिसका प्रभाव खराब स्वास्थ्य के रूप में हमारे जीवन पर भी पड़ा है। आज वातावरणीय प्रदूषण के मुख्य कारकों में प्लास्टिक हानिकारक तत्व है। प्लास्टिक के द्वारा मृदा, वायु, जल आदि अनेक प्रकार की प्रदूषण रूपी विकृति वातावरण में व्याप्त है और इसे नियंत्रित करना, आज मानव जीवन की सुरक्षा हेतु आवश्यक हो गया है।" उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में आयोजित Plastic Waste Management: The Way Ahead विषय पर **13.12.2019** गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना सारस्वत ने कहीं।

एनसीसी कैडेट्स द्वारा समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत आज महाविद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदया ने एनसीसी कैडेट्स से बात करते हुए कहा कि हमारे कैडेट्स स्वच्छता दूत की तरह कार्य कर सकते हैं।

महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ के एन पाण्डेय ने गोष्ठी में उपस्थित छात्र छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज प्लास्टिक का उपयोग हमारे लिए मीठे जहर का कार्य कर रहा है। इसको जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसें बहुत ही हानिकारक है।

महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ जितेंद्र सिंह ने इस समस्या से निपटने के लिए प्लास्टिक का बहिष्कार करने, साथ में झोला लेकर चलने से समाज में आने वाले बदलाव हेतु आशा व्यक्त की।

डा शैलेंद्र नाथ मिश्र, अध्यक्ष शिक्षक संघ एवं हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष ने बताया कि यदि हम प्लास्टिक मुक्ति के लिए लगातार प्रयास करें तो हम आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में सफल हो सकते हैं। आज विश्व के कई विकसित एवं विकासशील देश इसके लिए प्रयासरत भी हैं।

कैडेट अंजली वर्मा और धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।

इस कार्यक्रम में रक्षा अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री अमित कुमार शुक्ल, पूर्व एनसीसी कैडेट और वर्तमान में भारतीय सेना में सैनिक गणेश प्रसाद चौबे, अंडर अफसर उग्रसेन सिंह, तनवीर आलम, रानी विश्वास सृष्टि तिवारी, श्वेता तिवारी, सूरज गुप्ता, साधना सिंह, महिमा सिंह, प्रियंका शुक्ला, शिव शक्ति सिंह, प्रियांश तिवारी, अनुराग आदि कैडेट उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

**---मेजर (डॉ) के एन पाण्डेय**

**कम्पनी कमाण्डर**

SEMINAR
PLASTIC WASTE MANAGEMENT
THE WAY AHEAD
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

राष्ट्रीय कैडेट कोर
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

SEMINAR
PLASTIC WASTE MANAGEMENT
THE WAY AHEAD
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

ATTESTED

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda